बजाज चीनी मिल गोष्ठी के माध्यम से किसानों को कर रही जागरूक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। बजाज चीनी मिल द्वारा अभियान चलाकर पेड़ी प्रबन्धन हेतु गांव - गांव गोष्ठी के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है और चोटी बेधक कीट नियंत्रण के लिए कोराजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

बजाज चीनी मिल द्वारा 60 टीमें लगाकर गन्ना सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है । सभी टीमों को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन 20 हे0. गन्ने की नाप करें और 20 जून तक गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लें ।सर्वेक्षण के समय सही गन्ना प्रजाति पेड़ी - पौधा व शरद बावक की विशेष निगरानी रखें ।जो किसान गन्ना समिति के सदस्य नहीं है वह 30 सितम्बर के अन्दर सदस्य बन जाये । गन्ना सर्वेक्षण की जांच कर रहे चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पी. एस. चतुर्वेदी द्वारा पचतौर, कबीरधाम व मुश्की गांव में किसान गोष्ठी कर किसानों को समझाया कि कुछ पेड़ी गन्ने के खेतों में जुताई - गुड़ाई व उचित देखभाल नहीं किया गया है ।जिससे कि इन खेतों में खरपतवार दिखाई दे रहे हैं, इसकी गुडाई किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। गुडाई करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया कि कल्लों का फुटाव अधिक होगा तथा खर - पतवार खेत में रहने पर कीट पतंगों का प्रकोप अधिक पाया जाता है, जिससे आपकी पैदावार 15-20 प्रतिशत कम हो जाती है । ऐसी स्थिति में गुडाई जुताई आवश्यक है।

20 जून तक पूरा किया जाए गन्ना सर्वे का काम

- 30 सितंबर से पहले समिति सदस्य बनें किसान
- फसल की निराई-गुड़ाई बेहद जरूरी

गोला गोकर्णनाथ, संवाददाता। चीनी मिल ने अभियान चलाकर पेड़ी प्रबन्धन को गांव-गांव गोष्ठी के माध्यम से किसानों में जागरूकता पैदा कर रही है। चोटी बेधक कीट नियंत्रण के लिए चीनी मिल कोराजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही साथ कुछ किसानों द्वारा लाइट ट्रैप भी अपने-अपने खेतों में लगाया गया है। गोष्ठी में किसानो से अपील की गई है कि अपने खेतों में कीट बीमारी की बराबर निगरानी करते रहें। यदि कहीं कोई कीट बीमारी में चीनी मिल के कर्मचारियों की आवश्यकता हो तो तत्काल सूचना दें। उसका निदान कराया जायेगा।

बजाज चीनी मिल द्वारा 60 टीमें लगाकर गन्ना सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है। सभी टीमों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि प्रतिदिन 20 हेक्टेयर गन्ने की नाप करें और 20 जून तक गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लें। जो किसान गन्ना समिति के सदस्य नहीं है वह 30 सितम्बर के अन्दर सदस्य बन जाये साथ ही साथ मोबाइल नंम्बर, बैंक खाता संख्या घोषणा पत्र भरकर अवश्य जमा कर दें। चीनी मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किसानों को घर घर जाकर जानकारी दी जा रही है।

गन्ना सर्वेक्षण की जांच कर रहे चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पीएस चतुर्वेदी ने ग्राम पचतौर, कबीरधाम व मुश्की में किसान गोष्ठी कर किसानों को समझाया कि कुछ पेड़ी गन्ने के खेतों में जुताई-गुड़ाई व उचित देखभाल नहीं किया गया है।